RAJYA SABHA

Thursday *the 25th February,* 1988 6 *Phalguna,* 1909 *(Saha)*

The House met at eleven of the clock, Mr. Chairman in the Chair.

ORAL ANSWERS TO QUESTIONS

Plan outlay for Uttar Pradesh

*41. SHRI BIR BHADRA PRATAP SINGH:

SHRI BHAGATRAM MANHAR;

Will the Minister of PLANNING be pleased to state:

(a) whether it is a fact that the plan outlay for Uttar Pradesh as approved by the Planning Commission for the year 1988-89 is inadequate;

(b) if so, what are the reasons therefor; and

(c) what steps are being taken to increase the plan outlay for Uttar Pradesh in order to meet the various demands of the State?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF PLANNING (SHRI BIREN SINGH ENGTI) (&) While the outlay is appropriate keeping the feasibility of resource availability in mind, it is less than adequate against the background of the needs of the State.

(b) Does not arise.

(c) Higher Central assistance, additional market borrowings and higher Central contribution under Centrally Sponsored Schemes have been allocated. The State is also committed to additional resource mobilisation.

The question was actually asked on the floor of the House by Shri Bir Bhadra Pratap Singh.

SHRI BIR BHADRA PRATAP SINGH; Mr. Chairman, Sir, there is a news item published in the "Indian Express" that Rs. 3,000 crores hike in plan outlay is likely in which it has actually referred, the Central assistance to States will go up marginally. Now, the requirement that was sought was Rs. 2,896.95 crores. The working group and the Planning Commission had recommended Rs. 2,855 crores and finally what was given was Rs. 2,680 crores. Now, there are three facts which are to be taken into consideration. The scheduled Castes and the Scheduled Tribes constitute 25 per cent of total population of U.P. This population of the Scheduled Castes and the Scheduled Tribes is 25 per cent of the whole population of India. The national percentage of persons Hying below the poverty line is 37 per cent whereas in U.P. it is 45.3 per cent. Literacy percentage at national level is 36 per cent whereas in U.P. it is only 26 per cent. Will you take appropiate measures to do away with this regional imbalance, specially to reduce the backwardness of Uttar Pradesh? Secondly will you take appropriate measures to increase the market borrowing which is even less than half of the Maharashtra and thirdly, will the nationalised banks be pressed to increase tneir credit deposit ratio in U.P.? I am not asking for money I am only suggesting measures so that the financial institutions should invest more money in the Centrally sponsored projects and Centrally sponsored schemes. Further, I would like to know whether you will press one of the nationalised banks to have its headquarters in UP. One of them was already having lt.

THE MINISTER OF PLANNING (SHRI P. SHIV SHANKER); Sir, a very comprehensive question has been asked. Sir as far as the Plan outlay for U.P. for 1988-89 is concerned, Rs. 2,680 crores have been fixed taking into consideration the resources Sir, the working group as also the State's own representatives

when they come for the purpose of discussion, these things are kept in view and that is always need-based. But. there has *to* be an adjustment between a need-based claim and the resource-based allocation. The Planning Commission goes into the question of the resources and the needs. They take them into consideration and allocate the size of the Plan, The needs of the States are quite higher. I am not going to deny that. But then the point is, when it comes to the question of the resources taking into consideration the State's resources as also the Central allocation which is effected sir, having regard to the circumstances of the case the size of the Plan, in my submission, is quite encouraging. The hon. Member has been pleased to say something about the reduction of the backwardness of the State of U.P. I would like to submit that even under the Gadgil formula, 20 per cent of the amount is being allocated on the basis of the backwardness and in the Seventh Plan, out of Rs. 3300 crores which has been earmarked based on the backwardness, U.P. alone is getting Rs. 1000 crores having regard to its backwardness. I concede that U.P. is backward very badly and, perhaps, after the States of Orissa and Bihar the turn comes of U.P. which is a non-special category State. The hon. Member was speaking about the in-crease in market borrowing. He has raised a question about the increase in market borrowing. I would like to submit that in the Plan allocation for 1988-89 there is a step-up of 20 per cent of market borrowing compared to the current year when the market borrowing share was only 15 per cent. Sir, on the question of raising the ratio of investment of nationalised banks, I would like to make the submission that the State will have to take advantage of the situation. In fact they have appointed a Director for the institutional finance. They have to attract the institutional finance by completing the projects in the proper form and put up the matter before these banks. Sir, whether the headquarters of the nationalised banks could be set up in U.P. is a matter which I cannot, at this stage, make any observation upon.

SHRI BIR BHADRA PRATAP SINGH: Mr. Chairman Sir, the President of India, in his Presidential Address, has referred to the infra-structural facilities and assistance to special category States as U.P. You have special problems allocation of 10 per cent. I want that it should be reasonable enough. If you are going to increase the Central assistance to States, it should be a good sum. Will you consider giving us the 10 per cent special assistance as it is a special category State, according to the Gadgil formula?

SHRI P. SHIV SHANKER; I an sorry U.P. is not a special category State. It is a non-special category State.

SHRI RAM AWADHESH SINGH: It is a Prime Minister-producing State. So it comes under the special category.

SHRI P. SHIV SHANKER; My hon. friend produces everything sitting there. Sir, the point is, there are certain hill areas in the State of U.P. which are treated under the special category and for the year 1988-89, an allocation of Rs. 140. crores extra has been made for the development of these areas having regard to the fact that they are under the special category.

SHRI BHAGATRAM MANHAR: Sir this question pertains to U.P. only and I will confine myself to U.P May I know from the hon. Minister what is the number of villages having drinking water problem in the state? How many have been covered by safe water supply and what is the number likely to be covered during 1988-89? For that, would the Central Government consider to increase allocation under the NREP, IRDP and RLEGP programmes?

SHRI P. SHIV SHANKER; The villages having drinking water problem in Uttar Pradesh at the beginning of the Seventh Five Year Plan were 43,906. I must submit that a lot ol details are being asked by the honourable Member while the question posed was a general one. But I would like to answer to the extent I have the detail;. There were 43,906 villages which were considered having drinking water problem. In the first two years of the Seventh Plam 20,824 villages have been covered and the anticipation in 1987-88 is that a further 9,970 villages will be covered. The honourable Member was pleased to ask about the increase in the assistance in IRDP, RLEGP and NREP. As I submitted in the revised Gadgil Formula 20 per cent has been earmarked for backwardness, I have already submitted, Ra. 1000 crores have to be made available to the State of Uttar Pradesh in the Seventh Plan out of RS. 3300 crores on the basis of its backwardness.

श्री सत्य प्रकाश मालवीय : : सभापति जी, बिहार और उड़ीसा के बाद उत्तर प्रदेश सबसे पिछड़ा प्रदेश है । उत्तर प्रदेश में बहुत से क्षेत्र ऐसे हैं, जैसा पूर्वी उत्तर प्रदेश का बुंदेलखंड इलाका और वहां के पहाड़ी उत्तराखंड के जो इलाके हैं, जिनकी चर्चा भी की गई है और अब उत्तराखंड वाले यह भी मांग कर रहे हैं कि क्योंकि वह इलाका पिछड़ा है, गरीब है इसलिए पृथक उत्तराखंड राज्य बनाया जाए। इस संदर्भ में मैं यह जानना चाहता हूं कि ये जो पिछड़े क्षेत्र हैं जिनकी ओर विशेष रूप से ध्यान आकर्षित किया गया है, पूर्वी उत्तर प्रदेश का बुंदेलखंड और उत्तराखंड क्षेत्र, इन क्षेत्रों की उन्नति तेजी से हो, इसके लिए विशेष उपाय क्या किये जा रहे हैं और आपकी योजना परिव्यय में इन क्षेत्रों की उन्नति के लिए विशेष क्या प्रावधान किया गया है ?

श्री पी० शिवशंकर : महोदय, जैसा मैंने पहले निवेदन किया है हमारा आशय यह नहीं है कि हम सिर्फ उत्तर प्रदेश के पिछड़े इलाकों तक ही सीमित रहे बल्कि देश के जितने भी पिछड़े इलाके हैं उन सब की उन्नति के लिए कोशिश करने की आवश्यकता है। इस दृष्टि से जहां तक उत्तर प्रदेश के पिछड़े इलाकों का सवाल है इसके लिए हम वहां स्टेट गवर्नमेंट को अकसर आदेश देते हैं और वहां की आर्थिक परिस्थिति को बेहतर बनाने के लिए धन तथा योजनायें चाहे वह पावर की स्कीम हो चाहे वह पानी की सप्लाई की स्कीम हो, इनको आगे बढ़ाने की कोशिश करते है और प्लानिंग कमीशन इस बात की चेष्टा करता है कि इस किस्म की जितनी भी योजनायें हैं, प्लान हैं उनको कैसे पूरा किया जाए और अलोकेशन के वक्त इस बात का ध्यान रखा जाता है।

श्री शांति त्यागी : सभापति महोदय, उत्तर प्रदेश में सूखे से बहुत डैमेज हुआ है। जाड़ों की बारिश भी नहीं हुई है, बहुत नुकसान हो गया है। मैं माननीय मंत्री जी से एक छोटा सा सवाल करना चाहता हूं । हमारे प्रदेश की जो बिजली की योजनायें हैं उनके लिए क्या आप कोई विशेष आर्थिक सहायता कर पायेंगे क्योंकि सूखे से हमारे किसान बहुत परेशान हैं। बिजली की आपूर्ति हमें बहुत कम पड़ रही है तो क्या इसके लिए आप विशेष आर्थिक सहायता देंगे ?

श्री पी० शिवशंकर : सर, यह सही है कि उत्तर प्रदेश को काफी नुकसान सूखे से हुआ है। जहां तक केन्द्र का प्रश्न है उत्तर प्रदेश की सहायता के लिए हमने काफी कोशिश की है। इसके अतिरिक्त उनको आदेश दिये गये हैं कि जो स्टेट इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड है उसका परफार्मेंस बेहतर बनाया जाए और उनका जो प्लांट लोड फैक्टर है उसको पूरा करने की कोशिश की जाए। उत्तर प्रदेश में बिजली के जनरेशन के जितने भी प्लांट हैं उनकी अवस्था बड़ी बुरी है उनको अक्सर आदेश दिये जाते हैं। इसके साथ-साथ हमारे प्लानिंग कमीशन के जो अधिकारी हैं वे अक्सर उत्तर प्रदेश में जाते हैं उनको सलाह देते

है ताकि उनकी जो स्कीमें हैं उनकी पूर्ति जल्दी से जल्दी हो और लोगों की आर्थिक परिस्थिति को बेहतर बनाने में हम योगदान दे सकें।

श्री राम अवधेश सिंह : सभापति महोदय, ... **(व्यवधान)** इन लोगों को घबराहट हो जाती है। माननीय मंत्री जी ने अपने जवाब में क्षेत्रीय विषमताओं का जिक्र किया है और उसमें बिहार का भी नाम लिया है। बिहार, उत्तर प्रदेश और उड़ीसा का क्षेत्रीय विषमता के आधार पर पिछड़ेपन का जिक्र किया है। मैं यह कहना चाहता हूं कि बिहार में पूरे देश का 45 फीसदी मिनरल रिजर्व है और उसकी प्रति व्यक्ति आय हिन्दुस्तान में सब राज्यों से कम है। अभी मंत्री जी ने बताया कि नीड बेस्ड प्लान है और रिसोर्स बेस्ड अलांटमेंट है। अगर इनकी यह नीति चलेगी कि रिसोर्स बेस्ड आउट-ले होगा तो नीड बेस्ड प्लान का कोई मतलब ही नहीं निकल सकता है। इसलिए रिसोर्स बेस्ड उनकी जो थ्योरी रहेगी तो हमारा राज्य आर्थिक दृष्टि से हर मायने में पीछे रहेगा। इसलिए मैं यह जानना चाहता हूं कि क्या क्षेत्रीय विषमताओं को दूर करने के लिए राज्यों की जनसंख्या जिनकी तरक्की करनी है और वहां जो मिनरल रिजर्व या नेचुरल रिसोर्सेज हैं उसको ध्यान में रखते हुए क्या बिहार उड़ीसा और पूर्वी उत्तर प्रदेश के विकास के लिए कोई विशेष योजना बना कर इनकी आवश्यकताओं के अनुरूप कोई कदम सरकार उठायेगी? अगर उठाना चाहती है तो क्या क्या उनके पास रास्ते हैं, कौन से उपाय हैं?

श्री पी० शिवशंकर : सभापति जी, मैंने जैसे पहले निवेदन किया है कि जो प्लान का साइज होता है जो प्लान का एलोकेशन है वह रिसोर्स की बिनाह पर किया जाता है। अब आवश्यकताएं तो काफी हो सकती हैं।

श्री सभापति : यह मान लिया है उन्होंने।

श्री राम अवधेश सिंह : ठीक है, जनसंख्या के आधार पर मिनरल रिजर्व के आधार पर तरक्की कैसे करेंगे यह बताएं। **(व्यवधान)** प्रधानमंत्री जी तो मुस्करा देते हैं इनको चाहिए थोड़ा सीरियसली लें। यह तो मुस्करा देते हैं **(व्यवधान)**

श्री पी० शिव शंकर : अगर राम अवधेश जी जीवन में मुस्कराना ही नहीं चाहते तो हम कुछ नहीं कर सकते उनके लिए, हमारे हाथ से यह बाहर है। जहां तक पिछड़े प्रदेशों में तथा जहां भी पिछड़े लोग हैं गरीब लोग हैं उनकी गरीबी के उन्मूलन के लिए एन० आर० ई० पी०, आर० एल० ई० जी० पी०, आई० आर० डी० पी० वगैरह जो प्रोग्राम हैं जिनके तहत जहां गरीबी ज्यादा है वहां सेंटर का एलोकेशन ज्यादा रहता है **(व्यवधान)**

श्री राम अवधेश सिंह : आप यह बता दीजिये कि बिहार का प्लान का कितना परसेंट दे रहे हैं? तब पता चलेगा कि आपका बिहार, उत्तर प्रदेश और उड़ीसा की तरफ विशेष ध्यान है उनके मिनरल रिजर्व को ध्यान में रखते हुए ...

श्री पी० शिवशंकर : सभापति जी, मैंने जैसे पहले निवेदन किया यू० पी० में भी गरीबी को देखते हुए एक हजार करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया था और इस वक्त प्रश्न जो है वह सिर्फ यू० पी० का है लेकिन माननीय सदस्य बिहार के विषय में पूछ रहे हैं कि कितना प्रावधान किया गया है इस वक्त मेरे पास आंकड़े उपलब्ध नहीं हैं।

श्री राम अवधेश सिंह : आप परसेंटेज तो बता दीजिए। इतना तो आपको याद रखना चाहिए। अब परसेंटेज तो बता दीजिए। इतना तो आपके मुंह पर होगा।

श्री पी० शिवशंकर : जहां गरीब ज्यादा होते हैं वहां परसेंटेज ज्यादा होती है ...

(व्यवधान) यह जनरल सवाल है मैं भी जनरल जवाब दे रहा हूं . . . (व्यवधान)

श्री राम अवधेश सिंह : जनरल नहीं पार्टीक्यूलर है कि बिहार में पूरे प्लान आउट ले का कितना परसेंट दे रहें हैं । यह सीधा सवाल है (व्यवधान)

श्री पी० शिव शंकर : प्रश्न तो उत्तर प्रदेश की हद तक है लेकिन जब उन्होंने प्रश्न पूछा तो मैं यह जनरल आपसे निवेदन कर रहा हूं कि जहां गरीबी ज्यादा होती है, जिस प्रदेश में गरीबी ज्यादा हो वहां इन स्कीम। के लिए ज्यादा देते हैं, . . . (व्यवधान)

श्री सभापति : आपने कहा कि यू० पी० से बिहार और उड़ीसा ज्यादा गरीब है तो बिहार और उड़ीसा वालों को लगा कि हमारा क्या हो रहा है, वह भी पूछ लें ।

श्री पी० शिवशंकर : वह तो प्रश्न का हिस्सा है ।

श्री सभापति : यू इनवाइटेड द क्वेश्चंस

श्री पी० शिव शंकर : अगर ऐसी बात है कि हम कोई रिफरेंस न करें तो फिर हम कोई रिफरेंस नहीं करेंगे ।

श्री सभापति : आपने विशेष रूप से बिहार और उड़ीसा का उल्लेख किया तो बिहारी होने के नाते वे खड़े हो गये । अब आप बताइये कि वे न खड़े हों ।

श्री पी० शिवशंकर : उनको खड़े होने से मैं नहीं रोक रहा हूं . . . (व्यवधान)

श्री सभापति : उनका कहना यह है कि यह बिहार का सवाल नहीं है. . . (व्यवधान)

श्री पी० शिवशंकर : उससे हटकर भी मैं यह निवेदन कर रहा हूं . . . (व्यवधान)

श्री राम अवधेश सिंह : मैं यह जानना चाहता हूं कि कितना परसेंट दे रहें हैं, क्या विशेष दे रहें हैं, यह बतायें सदन को ।

श्री पी० शिवशंकर : मैंने बताया कि जहां गरीबी ज्यादा है वहां एलोकेशन ज्यादा है । अब आप यह पूछना चाहते हैं कि कितना रुपया दिया. . . (व्यवधान) वह मैं इस वक्त बता नहीं सकता हूं . . . (व्यवधान)

Manufacturing of a superconducting Super Collider

*42. SHRI RAJNI RANJAN SAHU:f

SHRI VISHWA BANDHU GUPTA:

Will the PRIME MINISTER be pleased to state;

(a) whether there is any proposal under Government's consideration to collaborate with an American laboratory to manufacture a superconducting super collider;

(b) if so, what are the details thereof; and

(c) what are the likely benefits to our country in this regard ?

THE MINISTER OF STATE IN TOE MINISTRY OF SCIENCE AND TECHNOLOGY AND THE MINISTER OF STATE IN THE DEPARTMENTS OF OCEAN DEVELOPMENT, ATOMIC ENERGY, ELECTRONICS AND SPACE (SHRI K. R. NARAYANAN):' (a) to (c) A statement is laid on the Table of the House.

Statement

(a) and (b) Superconducting Super-Collider is being constructed in the United States of America. This is a multi-billion accelerator/collider which will be used for basic research. Possible collaboration with the United States on this project is being discussed by the scientists of the two countries. Discussions have not yet reached a stage for the Government to take a "decision on it.

The question was actually asked on the floor of the House by Shri Rajni Ranjan Sahu.